# वार्षिक प्रतिवेदन 2024-2025

महाविद्यालय इतिहास - शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, खरखौदा के भवन का शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कर कमलों द्वारा, श्रीमती गीता भुक्कल तत्कालीन शिक्षा मंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता एवं श्री दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद लोक सभा रोहतक, श्री जितेंद्र मलिक सांसद, लोकसभा सोनीपत, श्री राव दान सिंह, तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव, शिक्षा विभाग हरियाणा व श्री जयवीर सिंह तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 3 फरवरी, 2013 रविवार को संपन्न हुआ।

## भवन निर्माण

उन्नतशील शिक्षा समिति खरखोदा की देखरेख में महाविद्यालय की दो मंजिला भवन का भव्य निर्माण करवाया गया। इस भवन में प्राचार्य कार्यालय, स्टाफ रूम, कार्यालय, दो लघु सेमिनार कक्ष, शिक्षण कक्ष, महिला प्रकोष्ठ कक्ष, विशाल बहुउद्देशीय कक्ष, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, भाषा लैब, दो भूगोल लैब, दो मनोविज्ञान लैब, एक रक्षा अध्ययन लैब, एक स्मार्ट कक्ष, व छात्र-छात्राओं के कॉमन रूम सहित कुल 22 कमरे हैं।

## महाविद्यालय परिवार

हमारे महाविद्यालय में 21 प्राध्यापक नियमित एवं 2 एक्सटेंशन लेक्चरर कार्यरत है। महाविद्यालय में 2 लिपिक, एक लैब अटेंडेंट, एक सुख सहायक, दो सफाई कर्मचारी, एक माली, तीन चौकीदार, एक रेस्टोरर अनुबंध पर कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब के लिए एक कंप्यूटर अनुदेशक व एक लैब अटेंडेंट अनुबंध पर नियुक्त है।

## विद्यार्थी संख्या एवं संकाय

इस सत्र में विद्यार्थियों की कुल संख्या 835 है। इनमें से 307 विद्यार्थी कला संकाय पास कोर्स प्रथम वर्ष, 261 विद्यार्थी बी.ए. द्वितीय वर्ष व 205 विद्यार्थी बी.ए. तृतीय वर्ष तथा 12 विद्यार्थी वाणिज्य संकाय बीकॉम प्रथम वर्ष, 19 विद्यार्थी बीकॉम द्वितीय वर्ष व 11 विद्यार्थी बीकॉम तृतीय वर्ष में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

वार्षिक परीक्षा देने वाले अंतिम वर्ष के छात्रों की संख्या कोर्स अनुसार - बी.ए. तृतीय वर्ष -205 व बी.कॉम. तृतीय वर्ष - 11 छात्रों ने परीक्षा दी।

महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा डिप्लोमा के अंतर्गत 16 छात्र व डिफेंस जर्नलिज्म में 4 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता एवं छात्रवृत्ति

उत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा समय पर राष्ट्रीय राज्य स्तरीय योग्यता पिछड़े वर्ग अनुसूचित जाति से संबंधित विकलांग तथा छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विशेष उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति तथा बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे) तीनों वर्गों से संबंधित विद्यार्थियों के लिए कंसोलिडेटेड स्टीपेंड स्कीम घोषित की गई है।

उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत इस वर्ष महाविद्यालय के अनुसूचित जाति से संबंधित विद्यार्थियों को 2000 रूपये प्रति छात्र पुस्तकों के लिए तथा 1000 रूपये प्रति माह के हिसाब से प्रति छात्र को वजीफ़ा राशि वितरित की जा रही है।

पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों को सरकार की तरफ से आधार नंबर के माध्यम से ऑनलाइन प्रणाली के द्वारा छात्रवृत्ति वितरित की जा रही है।

छात्राएं अंडर ग्रेजुएट मेरिट छात्रवृत्ति के अंतर्गत हरियाणा सरकार से प्राप्त राशि - 12वीं कक्षा में टॉपर महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त सात छात्राओं को प्रति छात्रा 3000 रूपये छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

मेरिट प्रोत्साहन छात्रवृत्ति स्कीम के अंतर्गत हरियाणा सरकार से प्राप्त हुई राशि को बी.ए., बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परीक्षा में महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमश: 5000, 3000, व 2000 रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

EARN WHILE YOU LEARN के अंतर्गत इस वर्ष 12 विद्यार्थियों को महाविद्यालय के पुस्तकालय, कार्यालय, भूगोल लैब, मनोविज्ञान लैब, रक्षा अध्ययन व कंप्यूटर लैब में कार्य करने के लिए सरकार के आदेशों के अनुरूप प्रति घंटा सौ रूपये प्रदान किए गए।

## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्

आपको जानकर बहुत ख़ुशी होगी कि अपने महाविद्यालय को 14-15 फ़रवरी, 2023 को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय का सर्वेक्षण किया गया और सर्वेक्षण के पश्चात महाविद्यालय को B++ ग्रेड प्राप्त हुआ जोकि ग्रामीण अंचल में स्थित महाविद्यालय के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## महिला प्रकोष्ठ

महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ संगीता मान द्वारा 27 जनवरी से 13 फरवरी, 2024 को दस दिवसीय कार्यक्रम आत्मरक्षा ट्रेनिंग एवं महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण कोच राजेश कुमार( GVM महाविद्यालय सोनीपत) द्वारा दिया गया। इसमें महाविद्यालय की 31 छात्राओं ने भाग लिया । इस प्रशिक्षण के अतिरिक्त महिला सशक्तीकरण पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया ।प्राचार्या श्री मती किरण सरोहा ने विस्तार व्याख्यान देते हुए आत्मरक्षा कौशल को आज के युग की जरूरत बताया ।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन विषयों के प्राध्यापकों ने छात्राओं में सर्जनात्मक लेखन संतुलित आहार ,पोषण ,व्यक्तिगत विकास तथा महिलाओं को मानसिक तथा सामाजिक रूप में सशक्त बनाने के लिए उन्हें विभिन्न अधिकारों तथा कानूनों की जानकारी उपलब्ध करवाई गई । इस कार्यक्रम से छात्राओं में जागरूकता तथा आत्मविश्वास में वृद्धि हुए।

महाविद्यालय में "अंतरास्ट्रीय महिला दिवस" के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 09 मार्च से 11 मार्च ,2024 को नेहरू युवा केंद्र,सोनीपत के सहयोग से किया गया।

जिसमें "महिलाओं की दौड़ ", "महिला सशक्तीकरण" पर व्याख्यान तथा पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम किया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## यूथ रेड क्रॉस

1. 12/08/2024 को एक पेड़ माँ के नाम के तहत कॉलेज प्रांगण में पौधारोपण मुहिम चलायी गई ।

2.  16/08/2024 ko 200 पौधे लगाकर कॉलेज  प्रांगण में मातृ वन बनाया गया YRC वॉलंटियर्स के द्वारा

3. 27/09/2024 को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

4. रक्तदान दिवस पर 1/10/2024 को पोस्टर  मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया ।

5. सीआरए महाविद्यालय सोनीपत में  5 दिवसीय जिला स्तरीय YRC कैंप  में वाईआरसी वॉलंटर्स द्वारा भाग लिया गया 4/11/2024- 8/11/2024

6.  राजकीय महाविद्यालय सोनीपत द्वारा आयोजित 13/11/2024 को नोडल टीचर्स और पीर एजुकेटर की ट्रेनिंग में भाग लिया

7. एमडीयू रोहतक द्वारा 6/12/2024 को आयोजित एचआईवी/एड्स जागरूकता दिवस मनाया गया जिसमे वाईआरसी वालंटर्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।

8. वर्ल्ड एड्स डे के उपलक्ष्य पर जागरूक करने के लिए 30/11/2024 को पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया ।

9. नेशनल यूथ डे के मौके पर  10/1/2025 को पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया ।

10. एमडीयू द्वारा आयोजित जिला स्तरीय YRC कैम्प में वॉलंटर्स व काउंसलर्स ने 18-22 फ़रवरी 2025 तक भाग लिया।

11.  1-7 मार्च, 2025 को 7 दिवसीय एनएसएस कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे सहसंयोजक की भूमिका निभाई |

12. महाविद्यालय में 7 अप्रेल, 2025 को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया जिसमे वॉलंटियर्स को जागरूख किया गया ।

**विशेष दिवस**

स्पेशल डे सेलिब्रेशन कमिटी

5 सितंबर, 2025 को शिक्षक दिवस मनाया गया ।

23 अक्तूबर, 2024 को दिवाली के पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया गया जिसमे महाविद्यालय परिसर में दिवाली मेला आयोजित किया गया ।

8 मार्च, 2025 को होली का महत्व समझाने हेतु होली महाविद्यालय प्रांगण में होली मनाई गई ।

**प्लेसमेंट सेल**

महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने 19 नवम्बर, 2024 को शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, ख़रख़ौदा में प्लेसमेंट सेल द्वारा दो विशेष व्याख्यानो का आयोजन किया गया, जिसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. शालिनी सिंह ने स्नातक के बाद करियर के अवसरों और मनोविज्ञान में करियर अवसर दोनों विषयों पर विस्तार से व्याख्यान दिया।

महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने 28 मार्च, 2025 को डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में भारतीय सशस्त्र बलों में करियर के अवसरों और सशस्त्र बलों में प्रवेश के विभिन्न तरीकों पर दो विस्तार व्याख्यानो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट अनिल, जो कि राजकीय महाविद्यालय कॉलेज बड़ोता में राजनीति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर हैं, ने छात्रों को भारतीय सशस्त्र बलों में करियर बनाने के विभिन्न रास्तों के बारे में जानकारी दी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

एन.एस.एस स्वयंसेवकों ने 2 जुलाई, 2024 को वृक्षारोपण अभियान "एक पेड माँ के नाम" के तहत वृक्षारोपण किया

एन.एस.एस स्वयंसेवकों ने 12 सितंबर, 2024 को फिर से "एक पेड़ माँ के नाम' बाय प्लांटेशन" अभियान में भाग लिया

एन.एस.एस स्वयंसेवकों को 18 सितंबर, 2024 को कृमियों के लिए एल्बेंडाजोल टैबलेट के वितरण में सहायता की

एन.एस.एस स्वयंसेवकों ने 17 सितंबर, 2024 को वन डे कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पिपली में स्वच्छता अभियान, साइबर सुरक्षा पर एक्सटेंशन लेक्चर और डोर टू डोर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

एन.एस.एस स्वयंसेवकों ने 27 सितंबर, 2024 को एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें ग्राम सैदपुर में मतदाता जागरूकता लेट ऑन रैली और डोर टू दोआ जागरूकता कार्यक्रम पर पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

एन.एस.एस स्वयंसेवकों ने 24 सितंबर, 2024 'एनएसएस दिवस' मनाया गया जिसमें मेरे भारत और मतदाता जागरूकता पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

एन.एस.एस स्वयंसेवक तन्नू 22 अक्टूबर -31 अक्टूबर 2024 की अवधि में अविमास धर्मशाला, केंद्र हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय साहसिक शिविर में भाग लिया

एन.एस.एस स्वयंसेवक ख़ुशी ने 23 अक्टूबर से 29 अक्टूबर, 2024 की अवधि में हिसार में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया और समूह महिला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

20 -26 जनवरी, 2025 एनएसएस गिर्ल्स स्वयंसेवकों ने ग्रिल कॉलेज, सोनीपत में आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय 7 दिवसीय एनएसएस शिविर में भाग लिया।

2025 एनएसएस 1 दिवसीय शिविर हर्बल पार्क में आयोजित किया गया था, डिजिटल इंडिया पर पोस्टर-मेकिंग का आयोजन किया गया था और व्रद अश्म मार्च 2025 के लिए आवश्यक वस्तुओं का दान किया गया था।

1 -7 मार्च, 2025 की अवधि में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं जैसे कि नशाखोरी, सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य, जागरूकता कार्यक्रम मेस, वृक्षारोपण सफाई आदि। 17 मार्च -23 मार्च 2025 तन्नू हमारे एनएसएस स्वयंसेवकों ने "सुनकिया जिला" राष्ट्रीय (उत्तराखंड) में आयोजित "युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर" में भाग लिया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

1.

30/09/24 - 01/10/24 शहीद दलबीर सह राजकीय महावद्यालय खरखोदा म आतरक गणवत्ता प्रकोष्ठ क तत्वाधान म सांस्कतक समत, प्रभारी- गीता शमा तथा सदस्यों क द्वारा दो दवसीय “हनर” प्रतभा खोज कायक्रम का आयोजन कया गया। िजसम एकल नत्य म नहा प्रथम, दीपाली व शखा द्वतीय, शवानी व नशा ततीय, ग्रप डांस म प्रयांशी व रया प्रथम, कवता वाचन म बबी प्रथम, हमांशी द्वतीय, व अमन ततीय, गायन प्रतयोगता म सधीर प ् रथम, एिक्टग म बस्ट एक्टर तन, हस्तकला म अमन प्रथम, रगोली म यश प्रथम,पटग म यश प्रथम,करन द्वतीय, हषत ततीय व बनाई प्रतयोगता म ईशा प्रथम, हमानी द ्वतीय रह।

2. दनांक 23/10/2024 महावद्यालय म आतरक गणवत्ता प्रकोष्ठ क तत्वाधान म अतगत "अभभावक शक्षक बठक " का आयोजन कया गया िजसम वद्याथयों , उनक अभभावकों तथा शक्षको न बढ़ चढ़ कर भाग लया व कायक्रम को सफल बनाया! साथ ही महावद्यालय म दवाली मल का आयोजन आउटरीच तथा सांस्कतक समत क द्वारा दवाली मनाई गई और आसपास क गाँव क लोगों को भी आमत्रत कया गया! वद्याथयो को रोजगार करन क तरीक सखाए गए।

3. दनांक - 29-10-2024 शहीद दलबीर सह राजकीय महावद्यालय खरखोदा की सांस्कतक समत क नतत्व म करुक्षेत्र वश्ववद्यालय म आयोिजत रत्नावली उत्सव म 25 अक्टबर 2024 स 28 अक्टबर 2024 तक महावद्यालय क वद्याथयों न प्रतभागता की। महावद्यालय स श्रीमती करण सरोहा, श्रीमती गीता शमा तथा सधीर क साथ नौ छात्र-छात्राओ न लोक नत्य एकल, हरयाणवी भजन, रागनी, गजल, लोकगीत एकल, समह गायन तथा िक्वज प्रतयोगता म प्रतभागता की।

4. दनांक - 15/11/2024 महावद्यालय की सांस्कतक समत क नतत्व म महष दयानद वश्ववद्यालय रोहतक म आयोिजत जोनल यथ फिस्टवल म महावद्यालय क 9 छात्र-छात्राओ न 13 नवबर 2024 स 14 नवबर 2024 तक प्रतभागता की। महावद्यालय क छात्र-छात्राओ न लोक नत्य एकल, हरयाणवी भजन, रागनी, गजल, लोकगीत एकल, समह गायन , कवता वाचन पजाबी, उद , अग्रजी,हदी म , वाद ववाद अग्रजी, प्रतयोगता म प ् रतभागता की।

5. दनांक 18/11/24 - 19/11/24 शहीद दलबीर सह राजकीय महावद्यालय क वद्याथयों न18 व 19 नवबर 2024 को दीनबध छोट राम वज्ञान एव प्रौद्योगकी वश्ववद्यालय मरथल सोनीपत म हए "िजला यवा महोत्सव "म भाग लया। कायक्रम म वद्याथयों क साथ सांस्कतक समत प्रभारी गीता शमा रही। िजला महोत्सव म सधीर, एकल गायन प्रतयोगता हरयाणवी म प्रथम स्थान, नहा व प ् रयांशी एकल नत्य म द्वतीय स्थान, सधीर, प्रयांशी, नहा, दीपाली, समरन एव करीना न समह गायन प्रतयोगता हरयाणवी म प्रथम स्थान हासल कया।

6 .दनांक- 11-02-2025 आज शहीद दलबीर सह राजकीय महावद्यालय खरखोदा म िजला स्तरीय सांस्कतक कायक्रम आयोिजत कया गया। इस िजला स्तरीय सांस्कतक कायक्रम का शभारभ प्राचाय डॉ तराना नगी न कया। इस कायक्रम म मख्य अतथ क रूप म डॉ मनोज मलक प्रोफसर फाइन आट पडत भगवत दयाल शमा वश्ववद्यालय रोहतक स, वशष्ट अतथ डॉ आशीष दहया सरपच गांव थाना कला को आमत्रत कया गया। इस िजला स्तरीय सांस्कतक कायक्रम म 10 प्रतयोगता

आयोिजत की गई। िजसम कवता वाचन हदी व हरयाणवी, भाषण प्रतयोगता, पोस्टर बनाओ, रगोली, पटग, एकल लोकनत्य, एकल सामान्य नत्य, एकल लोक गायन, एकल सामान्य नत्य प्रतयोगता आयोिजत की गई।

7. दनांक 03/01/25- 05/01/25 महावद्यालय क िजला यवा महोत्सव म प्रथम स्थान प्राप्त करन वाल वद्याथयों न “राज्य स्तरीय यवा महोत्सव” पलवल (हरयाणा ) म दनांक 3-01-2025 स 5-01-2025 तक हए समारोह म अपनी प्रतभा का प्रदशन कया।

### विधि साक्षरता प्रकोष्ठ

महाविद्यालय के विधि साक्षरता पर पोस्ट में 26 सितंबर, 2024 को ‘मेरा वोट देश का भविष्य’ स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया

महाविद्यालय में 19 फरवरी, 2025 को वॉल पेंटिंग ऑफ़ कॉलेज वाइड पब्लिसिटी of nalsa national legal a iq helpline number and support

महाविद्यालय में 18 अप्रैल, 2025 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 पर डाक्यूमेंट्री फ़िल्म दिखाई गई।

महाविद्यालय में विधि साक्षरता पर पोस्ट विभाग द्वारा सूचना का आधार विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

### आईपीआर सेल

महाविद्यालय के आईपीआर सेल ने 20 फरवरी ,2025 को आईपीआर में ‘रोज़गार अवसर’ पर एक व्याख्यान का आयोजन किया, विस्तार व्याख्यान डॉ. मोनिका, सहायक प्राध्यापक, राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ रही ।

# आइक्यूएसी सेल

### आउटरीच

महाविद्यालय के आउटरीच प्रकोष्ठ ने आउटरीच प्रभारी किरन सरोहा एवं एल. ए. सुधीर के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित आणविक जीव विज्ञान, माइक्रोब्योम विश्लेषण मत्स्य विज्ञान में ज्ञान वर्धन हेतु 12 विद्यार्थियों के एक दल ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर राम किशन नेगी ने विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

महाविद्यालय में 6 मार्च, 2025  को अंतर महाविद्यालय जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा राज्य सहकारी विकास महासंघ लिमिटेड के सहयोग से ‘सतत विकास ओर प्रगति में सहकारी संस्थाओं की भूमिका’ विषय पर अंतर महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया ।

जिसमें 10 टीमों ने भागीदारी की । इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों में सहकारी संस्थाओं के विषय में ज्ञानवर्धन करना था ताकि भविष्य में वे क्षेत्रवासियों को इससे लाभान्वित करने में मदद कर सके । इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा निशु बी॰ए॰ तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

महाविद्यालय में 18 मार्च, 2025 से आचार एवं जूट संबंधित वस्तुओं के निर्माण संबंधित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शिविर चलाए गए जिसमें हरकोफेड का सहयोग रहा । इसमें 30 विद्यार्थियों एवं पिपली गाँव की महिलाओं ने भागीदारी की । इस कार्यक्रम का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत में सहयोग करना है । इसके अंतर्गत प्रतिभागियों द्वारा निर्मित सामान की परदर्शनी लगाई गई ।

महाविद्यालय में 23 अक्टूबर, 2024 को विद्यार्थी दीपावली मेले में खानपान के स्टॉल के अतिरिक्त राजस्थानी सामग्री, पानीपत के कंबल एवं प्रसाधन सामग्री दीपावली से संबंधित सजावटी सामान एवं दीयो की स्टाल लगाई जिसमें पीपली गांव के साथ आसपास के अन्य ग्रामवासियों ने सिरकत्त की व स्टाल लगाकर कमाई करने के गुर विद्यार्थियों से सीखे। इस मेले में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया, निशा, शिवानी, रोमा, पुष्पा, परी, जन्नत, ईशा, पिंकी, पूजा, वैशाली, शीतल, तनु, नेहा, यश, अनु, कविता, व शिवम ने भाग लिया। पीपली की महिला सरपंच श्रीमती सोनिया ने गांव की महिलाओं के साथ मेले में सिरकत की।

महाविद्यालय में 3 फरवरी, 2025 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैदपुर के 19 विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया जिसमें विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्रयोगशालाओ, स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय, खेल के मैदान एव परिसर में अजित इंडस्ट्रीज द्वारा संचालित परिधान निर्माण का दौरा करवा कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

## आर.टी.आई

महाविद्यालय में आरटीआई एक्ट 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए श्रीमती किरण सरोहा सूचना अधिकारी एवं श्री संदीप सूचना क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। प्रथम अपीलीय अधिकारी श्रीमती किरन सरोहा है।

## पुस्तकालय

पुस्तकालय विद्यार्थी तथा शिक्षकों के ज्ञानार्जन व आत्मविश्वास का सर्वोत्तम स्थान है। इसके महत्व एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय को वातानुकूलित रखने के लिए एयर कंडीशनर व त्वरित सूचना प्राप्ति के लिए इंटरनेट व कम्प्यूटर की सुविधा से युक्त किया गया है। जिसमें एक समय में लगभग 80 विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा उपलब्ध है। यहाँ विभिन्न विषयों से संबंधित लगभग 4980 पुस्तकें हैं। आधुनिक युग प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा का युग है। इस ध्येय को सामने रखते हुए समसामयिक घटनाओं की जानकारी व सामान्य ज्ञान में वृद्धि के लिए पुस्तकालय में अंग्रेजी व हिंदी में 10 समाचारपत्र, 6 पत्रिकाएं तथा ई जनरल - 6000 थ्रू एन लिस्ट उपलब्ध हैं।

## कंप्यूटर शिक्षा

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एक कंप्यूटर लैब व एक लैंग्वेज लैब स्थापित है। कंप्यूटर लैब में 10 तथा लैंग्वेज लैब में 26 कंप्यूटर है। लैंग्वेज लैब में इंटरनेट सुविधा है। एमडीयू के तहत महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को शिक्षा दी जा रही है। श्री राजेश कुमार कंप्यूटर शिक्षक के पद पर कार्यरत है। इस शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को थ्योरी व प्रैक्टिकल देना अनिवार्य है। जिसके उपरांत A+ से D तक ग्रेडिंग भी जाती है। हमारे पास एक लैब में प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है।

## हिंदी विभाग

महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 14 सितंबर, 2024 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

हिंदी विभाग द्वारा 21 फरवरी, 2025 को मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा 26 अप्रेल, 2025 को जयशंकर प्रसाद रचित ध्रुवस्वामिनी नाटक का मंचन विद्यार्थियों को दिखाया गया।

हिंदी विभाग द्वारा 30 मई, 2025 को हिंदी व्याकरण पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## अंग्रेजी विभाग

महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा 11 नवंबर, 2024 को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

## इतिहास विभाग

दिनांक 18 अक्टूबर ,2024 को इतिहास विभाग के द्वारा एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया ! जिसमें विद्यार्थियों ने लाल क़िले में 1857 की क्रांति से से सम्बन्धित प्रदर्शनी को देखा !विद्यार्थियो ने राष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली में हड़प्पाकालीन , मौर्यकालीन कुषाणकालीन एवं अन्य प्राचीन सामग्री का अवलोकन करते हुए ज्ञान वर्धन किया।

दिनांक 25 -26 अक्टूबर ,2024 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम रत्नावली में बी .ए  प्रथम की छात्रा क़रीना क्रमांक 12400970019 एवं छात्र अमन ने हरियाणा विषय के अंतर्गत एक प्रश्नोत्तरी में भाग लिया।

दिनांक 23 जनवरी, 2025 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी जिसका विषय स्वतन्त्रता संग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का योगदान था में  प्रोमिला बी. ए. प्रथम वर्ष क्रमांक 1240097092, रोमा  बी. ए. प्रथम वर्ष क्रमांक 1240097152 , अमन बी. ए. प्रथम वर्ष 1240097119 ने भागीदारी की ।

दिनांक 3 मार्च,  2025 हिन्दू महाविद्यालय, सोनीपत द्वारा आयोजित जिलास्तरीय प्रश्नोत्तरी में अर्जुन बी. ए. तृतीय वर्ष क्रमांक 1221401002067,  प्रिंस बी. ए. तृतीय वर्ष क्रमांक 1221401002319, साहिल बी. ए. तृतीय वर्ष क्रमांक 1221401002269 ने भागीदारी की।

दिनांक 5 मार्च, 2025 को गीता विद्या मंदिर महाविद्यालय द्वारा आयोजित जिलास्तरीय पुरातत्व सामग्री प्रदर्शनी प्रतियोगिता में निम्न विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया।

देव बी. ए. तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 1230097140 हिमांशु बी. ए. तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 1230097093 , विशाल बी. ए. तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 1230097153

**गणित विभाग**

25 सितंबर, 2024 को महाविद्यालयी स्तर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**भूगोल विभाग**

महाविद्यालय के भूगोल विभाग के तृतीय वर्ष के छात्रों ने दिनांक 5 अप्रैल 2024 को बड़ौदा गांव का जनसंख्या तथा आर्थिक व सामाजिक सर्वेक्षण श्री जगबीर सिंह दहिया सहायक प्राध्यापक भूगोल की देख-देख में पूर्ण किया इसमें लैब सहायक रवि कुमार सुधीर ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

महाविद्यालय में 25 नवंबर 2024 को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की तत्व अवधान में भूगोल विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

22 फरवरी 2025 को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन पर पोस्ट के तत्वाधान में भूगोल विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया क्विज मास्टर जगबीर सिंह साइट प्राध्यापक भूगोल टाइम की पर के रूप में डॉ अनीता राणा वैस्कुलर की भूमिका लैब सहायक रवि कुमार ने निभाई।

महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा 23 अप्रैल, 2025 को स्काईलाइन का जिओ फार्मेटिक्स के सहयोग से करियर ऑपच्यरुनिटी विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

**राजनीति विज्ञान विभाग**

राजनीति विज्ञान राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 9 नवंबर, 2024 को परिवर्तित भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में राज्यपाल की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 11 सितंबर, 2024 को मौलिक अधिकार एवं नीति निर्देशक तत्व विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 26 सितंबर, 2024 को मेरा वोट देश का भविष्य शीर्षक पर पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

**शारीरिक शिक्षा विभाग**

महाविद्यालय के छात्रों ने 12 से 15 नवंबर, 2024 की अवधि में महर्षि दयानंद विश्वाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयी  राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया और ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र पुष्प ने 50 मीटर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र पुष्प ने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में जनवरी, 2025 में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 6-7 नवंबर, 2024 को अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिता में भाग लिया और पुरस्कार जीते। जिनमें बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी ने 50 किलो भार वर्ग में तृतीय स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र राहुल ने 100 किलोग्राम भार वर्ग में तृतीय स्थान, बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र लक्ष्य दहिया ने 66 किलोग्राम भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र राहुल ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा 7 नवंबर, 2024 को आयोजित वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 109 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अंतर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लिया और पुरस्कार प्राप्त किए---

जिनमें बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी ने 50 किलोग्राम भार वर्ग में तृतीय स्थान,

बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र अंकित ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान,

बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र गौरव ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में तृतीय स्थान,

बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र विवेक दहिया ने ग्रीको रोमन रेसलिंग प्रतियोगिता के 55 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 8 से 10 नवंबर, 2024 की अवधि में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिभागिता की।

महाविद्यालय की छात्राओं की टीम ने 25-26 नवंबर, 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया।

महाविद्यालय में 4 फरवरी, 2025 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सर्वश्रेष्ठ एथलीट बी.ए. तृतीय वर्ष का छात्र गौरव, और सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा मनीषा रही ।

महाविद्यालय द्वारा 26-27 सितंबर, 2024 को महिला व पुरुष दोनों ही श्रेणी के अंतर कक्षा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के अंतर्गत 22 मार्च, 2025 को अंतर कक्षा वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन भी किया गया।

**अर्थशास्त्र विभाग**

आपने 19 नवंबर, 2024 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
आपने 24 अप्रेल,2025 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आर्थिक वृद्धि में शिक्षा की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

आपने 1 मई, 2025 अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक वैश्वीकरण वरदान या अभिशाप रहा।
आपने 6 मई, 2025 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के अधिकार विषय पर विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई ।

**वाणिज्य विभाग**

महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने 5 सितंबर, 2024 को एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की।

वाणिज्य विभाग ने 29 मार्च, 2025 को छात्रों को औद्योगिक संचालन में व्यावहारिक जानकारी और अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए अजीत इंडस्ट्री सैदपुर का शैक्षिक दौरा करवाया।

**मनोविज्ञान विभाग**

महाविद्यालय के मनोवैज्ञानिक विभाग द्वारा 20 सितंबर 2024 को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के छात्रों को 10 अक्टूबर 2024 को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित कार्यक्रम में ले जाया गया।

महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 20 मार्च 2025 को विश्व खुशी दिवस के आयोजन किया गया।

# सैन्य विज्ञान विभाग

**व्यक्तिगत उपलब्धियां**

**श्रीमती किरण चौहान, सहायक प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग**

दिनांक 18 जनवरी 2025 को सत्र अध्यक्ष  के लिए जीसी मुरथल में आमंत्रित किया गया।

दिनांक 18 जनवरी को जीसी मुरथल में 'शिक्षा प्रदान करने में नई शिक्षा नीति 2020 की प्रासंगिकता' पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

दिनांक 8 मार्च 2025 को मेरा युवा भारत सोनीपत (युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया गया।

**डॉ. प्रियंका,  सहायक प्राध्यापिका,  वाणिज्य विभाग**

8 फरवरी, 2025 को आयोजित 'ग्रीन मार्केटिंग ए सस्टेनेबल अप्रोच टू बिज़नेस' विषय पर गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वूमेन रोहतक में पेपर प्रस्तुत किया।

22 से 23 नवंबर, 2024 तक महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक द्वारा डिजाइनिंग और विकास ऑनलाइन पाठ्यक्रम पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

**श्री प्रदीप कुमार, सहायक प्राध्यापक,  हिन्दी विभाग**

आपने 29 जुलाई से 7 अगस्त, 2024 की अवधि में एम एम टी टी पी- इग्नू द्वारा नई शिक्षा नीति - 2020 पर आधारित साप्ताहिक  अभिविन्यास एवं संवेदीकरण कार्यक्रम  में भाग लिया।

आपने 15-28 जनवरी, 2025 की अवधि में एमएमटीटीसी, जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**डॉ कीर्ति खत्री, सहायक प्राध्यापिका, हिंदी विभाग**

आपने ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल द्वारा 18 जनवरी, 2025 को आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में 'समग्र शिक्षा का महत्व' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने ताऊ देवी लाल राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल द्वारा 18 जनवरी, 2025 को आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में ऑनलाइन टेक्निकल सेशन को 'को-चेयर' किया।

आपने राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला द्वारा 1 फ़रवरी, 2025 को आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में 'हिंदी साहित्य और बदलता समाज' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने गन्नौर में खंड स्तरीय राजकीय विद्यालयों के कला उत्सव में 28 अगस्त 2024 को निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

आपने 22 से 24 अक्तूबर 2024 की अवधि में भगत फूल सिंह खानपुर कला महिला विश्वविद्यालय के ताऊ देवीलाल राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित यूनिफेस्ट 2024 -25 में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**श्रीमती नमिता रानी, सहायक प्राध्यापिका, अंग्रेजी विभाग**

आपने 14 अक्टूबर 2024 को शहीद लांस नायक कृष्ण लाल राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोहाना में 'नौकरी के लिए साक्षात्कार हेतु प्रभावी संचार कौशल' विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया।

आपने 15-28 जनवरी, 2025 की अवधि में एमएमटीटीसी, जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**डॉ मनदीप कुमारी, सहायक प्राध्यापिका, गणित विभाग**

आपने 15 अक्तूबर, 2024 को शहीद मेजर संजीव लाथेर राजकीय महाविद्यालय, जुलाना द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में "कंप्यूटर ग्राफिक्स में ज्यामिति का अनुप्रयोग" शीर्षक पेपर प्रस्तुत किया।

आपने 18 जनवरी, 2025 को ताऊ देवी लाल राजकीय कन्या महाविद्यालय, मुरथल द्वारा आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय सेमिनार में "एकीकृत पाठ्यक्रमों का महत्व" शीर्षक पेपर प्रस्तुत किया।

आपने 1 फ़रवरी, 2025 को सर छोटू राम राजकीय कन्या महाविद्यालय, सांपला द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में "सामाजिक विकास में वेदिक गणित का महत्व" शीर्षक पेपर प्रस्तुत किया।

आपने 4 से 6 फ़रवरी, 2025 की अवधि में सर छोटू राम राजकीय कन्या महाविद्यालय, सांपला में वित्त प्रबंधन के फैकल्टी HIPA द्वारा संचालित "ई-फाइनेंस: ऑनलाइन बजट, ई-रसीद, ई-पेमेंट और प्रभावी शासन के लिए लेखांकन डिजिटलीकरण" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**श्रीमती नीरा, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान**

आपने 1 फरवरी, 2025 को सर छोटू राम राज के कन्या महाविद्यालय सापला में एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में समझ में उच्च शिक्षा की भूमिका विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

आपने 1 मार्च, 2025 को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिलाना में विस्तार व्याख्यान दिया ।

आपने 18 जनवरी, 2025 को राज्य कन्या महाविद्यालय मुरथल सोनीपत में आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में नई शिक्षा नीति 2020 चुनौतियां एवं अवसर विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

आपने 6 दिसंबर, 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में एचआईवी एड्स की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।

आपने 13 नवंबर, 2024 को राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत में रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम में भागीदारी की ।

आपने डी. ए. वी महाविद्यालय पिहोवा कुरूक्षेत्र में 18/3/2025 को आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में समाज में आर्य समाज की भूमिका विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

आपने 19 मार्च, 2025 को डीएवी महाविद्यालय करनाल में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में महिलाएं व राजनीति विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**श्रीमती किरन सरोहा, एसोसिएट प्रोफ़ेसर, इतिहास विभाग**

आपने 24 सितंबर, 2025 को आर डी एस महाविद्यालय रेवाड़ी के इतिहास विभाग में "1857 की क्रान्ति में महिलाओं की भूमिका "विषय पर व्याख्यान दिया।

आपने जनवरी 2025 में हरियाणा के बदलते परिवेश में महिलाएँ एवं अपराध 1966-2020 विषय के अंतर्गत पी एच डी की।

आपने 24-25 फ़रवरी, 2025 को शहीद उधम सिंह महाविद्यालय मटकमाजरी करनाल द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में "कुरुक्षेत्र एवं आस पास के क्षेत्र में श्रीमद भागवत गीता का प्रभाव "विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने 12 जनवरी, 2025 को सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न बिंदुओं को लागू करने के लिए सभी वर्गों से विस्तृत चर्चा एवं व्यापक सुझाव देने हेतु आयोजित कार्यक्रम में दीन बन्धु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में भाग लिया।

आपने 24 सितंबर, 2025 को आर डी एस महाविद्यालय रेवाड़ी के इतिहास विभाग में "1857 की क्रान्ति में महिलाओं की भूमिका "विषय पर व्याख्यान दिया।

आपने जनवरी, 2025 में हरियाणा के बदलते परिवेश में महिलाएँ एवं अपराध 1966-2020 विषय पर पी एच डी उपाधि प्राप्त की।

आपने 24-25 फ़रवरी, 2025 को शहीद उधम सिंह महाविद्यालय मटकमाजरी करनाल द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में "कुरुक्षेत्र एवं आस पास के क्षेत्र में श्रीमद भागवत गीता का प्रभाव "विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

दिनांक 12 जनवरी, 2025 को सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न बिंदुओं को लागू करने के लिए सभी वर्गों से विस्तृत चर्चा एवं व्यापक सुझाव देने हेतु आयोजित कार्यक्रम में दीन बन्धु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में भाग लिया।

आपने 2 अप्रैल, 2025 को 'इतिहास का महत्व एवं सीमाएं' विषय पर राजकीय महाविद्यालय जखौली में विस्तार व्याख्यान दिया।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**डॉ संगीता कुमारी, सहायक प्राध्यापिका, भूगोल**

आपने 1 फरवरी, 2025 को सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "उच्च शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना: सामाजिक परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक" विषय पर विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया।

आपने 8 फरवरी, 2025 को राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रगति में सामंजस्य: प्रौद्योगिकी और सतत विकास की प्रकृति का एकीकरण" विषय पर विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**डॉ योगेंद्र सिंह, सहायक प्राध्यापक, रक्षा अध्ययन विभाग**

मेम्बर यूनिवर्सिटी कोर्ट एमडीयू रोहतक।

आपने समर्थ कार्यक्रम के अंतर्गत मेधा द्वारा 19 मार्च, 2025 को आयोजित प्लेसमेंट सेल इंचार्ज का एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आपने फ़रवरी 2025 में एमडीयू रोहतक के यूनिवर्सिटी कोर्ट के मेम्बर हेतु चुनाव में विजय प्राप्त की और यह सदस्यता आगामी तीन वर्ष के लिए रहेगी।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**श्रीमती रेखा, सहायक प्राध्यापिका, मनोविज्ञान विभाग**

आपने 26 सितंबर, 2024 को धूम्रपान निषेध समिति द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता पर आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में व्याख्यान दिया।

आपने 18 जनवरी, 2025 को ताऊ देवी लाल राजकीय कन्या महाविद्यालय मुरथल में 'छात्रों के कौशल विकास में एनईपी 2020 की भूमिका' विषय आधारित पेपर प्रस्तुत किया।

आपने 1 फरवरी, 2025 को जीसीडब्ल्यू साँपला द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'राष्ट्रीय विकास में महिला शिक्षा की प्रासंगिकता एक अध्ययन' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया गया।

आपने 13 जनवरी, 2025 को राष्ट्रीय युवा दिवस पर वेबिनार में भाग लिया।

आपने 17 मार्च, 2025 को मनोविज्ञान में अनलॉकिंग पाथवे पर वेबिनार में भाग लिया।

आपने 18 मार्च, 2025 को डीएवी कॉलेज पेहोवा द्वारा आयोजित वर्तमान युग में स्वामी दयानंद सरस्वती के शैक्षिक विचारों की प्रासंगिकता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया।

आपने यूजीसी-एमएमटीटीपी रामानुजन कॉलेज द्वारा डीयू के मनोविज्ञान विभाग के सहयोग से 10/03/2025 से 24/03/2025 तक आयोजित उच्च शिक्षा संस्थान में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**डॉ रवीना, सहायक प्राध्यापिका, अर्थशास्त्र विभाग**

आपने 18 जनवरी, 2025 को ताऊ देवीलाल महिला राजकीय महाविद्यालय मुरथल में आयोजित एक दिवसीय बहू विषय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया ।शोध पत्र का विषय था भारत में आर्थिक वृद्धि पर नई शिक्षा नीति 2020 का प्रभाव ।

आपने 18 जनवरी, 2025 को ताऊ देवीलाल महिला राजकीय महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय बहू विषय राष्ट्रीय संगोष्ठी में को -चेयरपर्सन की भूमिका निभाई ।
आपने 1 फरवरी, 2025 को सर छोटूराम महिला राजकीय महाविद्यालय ,सांपला में आयोजित एक दिवसीय बहू विषय राष्ट्रीय संगोष्ठी में धारणीय विकास में शिक्षा की भूमिका पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
आपने 28 अगस्त, 2024 गन्नौर में खंड स्तरीय राजकीय विद्यालयों के कला उत्सव में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।
आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**श्रीमती गीता शर्मा, सहायक प्राध्यापिका, मनोविज्ञान विभाग**

सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला द्वारा 01 फरवरी 2025 को आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'महिला सशक्तिकरण उच्च शिक्षा के माध्यम से: सामाजिक परिवर्तन के लिए एक उत्प्रेरक' विषय पर विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया।

दिनांक 24,25 फरवरी 2025 को चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय,भिवानी मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला प्रोजेक्टिव तकनीकें - व्यक्तित्व मूल्यांकन, निदान मूल्यांकन और चिकित्सीय हस्तक्षेप में सोमेटिक इंकब्लॉट श्रृंखला के अनुप्रयोग में भाग लिया।

राजकीय महिला महाविद्यालय, बहादुरगढ़ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 30 जनवरी 2025 "अभिव्यक्ति" में निर्णायक की भूमिका निभाई।

हरियाणा भिवानी बोर्ड की परीक्षाओं में 28 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक ड्यूटी मजिस्ट्रेट की भूमिका निभाई ।

दिनांक 7 मई 2025 को राजकीय तकनीकी विभाग सोनीपत में विस्तार व्याख्यान 'मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियाँ' दिया।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**डॉ रजनीश, सहायक प्राध्यापिका, अंग्रेजी विभाग**

13 सितंबर 2024 को विजयम इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में 'त्रयी की शक्ति: संचार, सॉफ्ट स्किल्स और 21वीं सदी की क्षमताएं' में भाग लिया।

2.

दिनांक 08 फरवरी 2025 को राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'सर्वांगीण प्रगति में सामंजस्य: सतत विकास की तकनीक और प्रकृति का एकीकरण' विषय पर विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

3.

महाविद्यालय की छात्राओं को सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में 15 फरवरी 2024 को एक दिवसीय ट्रिप ले जाया गया जिसमें मैने टूर इंचार्ज के तौर पर शिरकत की।

4.

18 जनवरी 2025 को ताऊ देवी लाल राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत द्वारा आयोजित एकदिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में विषय पर 'अनुसंधान अवसरों को बढ़ाने के लिए पहल' विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया।

5.

दिनांक 30/04/25

को महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित "सूचना अधिकार अधिनियम 2005" विषय पर विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**डॉ बीना रानी, सहायक प्राध्यापिका, हिन्दी**

आपने 1 फरवरी, 2025 को राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'हिंदी साहित्य में बदलता समाज' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**श्रीमती सुमन, सहायक प्राध्यापिका, अर्थशास्त्र विभाग**

आपने 1 फरवरी, 2025 को राजकीय महाविद्यालय सांपला द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'सतत विकास के लिए शिक्षा' विषय पर पेपर प्रस्तुत किया।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**श्रीमती मधुलता, सहायक प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग**

आपको 15 अगस्त, 2024 को उपमंडल प्रशासन खरखोदा द्वारा प्रशासनिक कार्यों को प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ करने हेतु प्रशसित पत्र मिला।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**श्री दिनेश कुमार, सहायक प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा विभाग**

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**डॉ योगेश बाजवान, सहायक प्राध्यापिका, रक्षा अध्ययन विभाग**

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**श्री विनोद मलिक, सहायक प्राध्यापक, रक्षा अध्ययन विभाग**

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**श्री जगबीर सिंह, सहायक प्राध्यापक, भूगोल**

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। ।

**डॉ अनीता, सहायक प्राध्यापक, भूगोल**

आपने 01 फ़रवरी, 2025 को राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया।

आपने 18 फ़रवरी, 2025 को ताउ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

आपने मेधा फाउंडेशन के द्वारा शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी एडवांसमेंट बूटकैंप में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

**महाविद्यालय की आवश्यकताएं**

किसी भी गतिशील संस्था के विकास के लिए आवश्यकताओं का होना स्वभाविक है। अतः महाविद्यालय की भी कुछ आवश्यकताएं हैं। जो निम्न प्रकार है –

1 विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हमारे महाविद्यालय में पीने के पानी की कमी है।

2 विज्ञान की शिक्षा संपूर्ण शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। महाविद्यालय में विज्ञान संकाय होने से आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को या तो विज्ञान की शिक्षा प्राप्त करने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है या उससे वंचित रहना पड़ता है। हमारे महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की आवश्यकता है ताकि आसपास के विद्यार्थियों को विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिल सके।

3 मीडिया के बढ़ते हुए प्रभाव को ध्यान में रखते हुए बैचलर ऑफ जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन और पत्रकारिता के विभिन्न अंगों की शिक्षा को आरंभ करना भी महाविद्यालय की एक मुख्य आवश्यकता है।

4 महाविद्यालय में विद्यार्थियों के आवागमन को सरल बनाने के लिए बस स्टॉप की आवश्यकता है।

अंत में निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय दिनोंदिन उच्च दिशा में प्रगति कर रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य **डॉ तराना नेगी** जी के कुशल निर्देशन में प्रगति पथ पर  अग्रसर है। महाविद्यालय की प्रगति में महाविद्यालय परिवार (शिक्षण एवं गैर शिक्षण) स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आशा है कि महाविद्यालय के कर्मठ व सहयोगी स्टाफ सदस्यों के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यालय भविष्य में भी इसी तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा।

धन्यवाद।

**डॉ तराना नेगी**

**प्राचार्य**

**एसडीएस राजकीय महाविद्यालय खरखोदा, सोनीपत**